खबर संक्षेप



जिला स्तरीय महिला शतरंज प्रतियोगिता में मिला पहला स्थान

स्लीमनाबाद। उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार इन दिनों महाविद्यालयीन खेल कूद प्रतियोगिता चल रही है। 30 सितंबर को जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता कटनी मे आयोजित की गईं जिसमें जिले से 10 शासकीय /अशासकीय महाविद्यालय नें प्रतियोगिता मे भाग लिया!स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद नें महिला वर्ग प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही महाविद्यालय की छात्रा शिवानी बर्मन, करुणा सोनी एवं प्रीति मौर्य का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। ये तीनो खिलाडी अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु कटनी का प्रतिनिधित्व जबलपुर मे आयोजित होने वाली प्रतियोगिता मे करेंगे।

दिव्यांग बोर्ड मीटिंग अब 8 अक्टूबर को होगी

कटनी। जिला चिकित्सालय कटनी में 6 अक्टूबर को आयोजित होने वाला दिव्यांग बोर्ड अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। अब दिव्यांग बोर्ड का आयोजन 8 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय के कक्ष क्रमांक 22 में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. यशवंत वर्मा ने बताया कि 6 अक्टूबर को निर्धारित दिव्यांग बोर्ड को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है। संबंधित दिव्यांगजन संशोधित तिथि के अनुसार 8 अक्टूबर को निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित होकर बोर्ड की सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।

स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त जनसाक्षरता कार्यक्रम आज

कटनी। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय कटनी में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त जनसाक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, जिला चिकित्सालय कटनी, मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन तथा भारतीय रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में प्लास्टिक मुक्त भारत एवं स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्लास्टिक के दुष्प्रभावों तथा प्लास्टिक मुक्त भारत के महत्व पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही आमंत्रित अतिथियों द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में संबोधन दिया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त भारत के लिए शपथ दिलाई जाएगी तथा स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया जाएगा। जिला चिकित्सालय कटनी के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. यशवंत वर्मा ने नागरिकों एवं आमंत्रित अतिथियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त भारत के संकल्प में सहभागी बनने की अपील की है।

फरार वारंटी को पकड़ा

कटनी। कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी राज प्रजापति पिता ओमप्रकाश प्रजापति, निवासी आधारकाप को गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्ष 2022 के एक मामले सहित दो प्रकरणों में फरार चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए उसे हीरागंज के पास से पकड़ा। पुलिस के अनुसार राज प्रजापति के खिलाफ न्यायालय विनोद कुमार चौधरी, जेएमएफसी कटनी द्वारा प्रकरण क्रमांक 5536/22 एवं अपराध क्रमांक 142/22 में धारा 294, 323, 506, 34 भादवि. के तहत स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

साइबर फ्राड एवं चोरी की घटनाओं में लगातार हो रहा इजाफा, लुट रहे लोग, बदमाश काट रहे चांदी

जालसाज- बैंक खातों को, तो चोर बना रहे घरों को निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में बढ़ती अपराधिक गतिविधियां चिंता का सबब बनती जा रही है। साइबर जालसाज लोगों को झांसे में लेकर बैंक खातों को साफ कर रहे हैं, दूसरी ओर चोर बदमाश भी कदमताल मिलाते हुये सूने घरों एवं दुकानों को निशाना बनाकर जेवरात व नकदी रूपये पार कर रहे हैं। आये दिन होने वाली घटनाओं से लोग कंगाल हो रहे हैं दूसरी ओर बदमाश व जालसाज चांदी काट रहे हैं।

सूने मकान का ताला तोड़ 80 हजार के जेवरात किये पार

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भेडा हार में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अंदर रखे करीब 80 हजार रुपये की कीमत के सोने के आभूषण पार कर दिए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम भेडा हार निवासी कमला बाई कुशवाहा 55 वर्ष पति सीताराम कुशवाहा ने बताया कि 17 सितंबर की सुबह करीब 8:00 बजे अपने घर में ताला लगाकर किसी काम से बाहर



गई हुई थीं। 18 सितंबर की शाम करीब 7:00 बजे जब वे वापस लौटीं, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखने पर कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी व बक्से में रखे सोने के आभूषण गायब थे। चोरों ने सूनेपन का फायदा उठाकर घर में रखे लगभग 80,000 रुपये मूल्य के सोने के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। आसपास तलाश और पूछताछ के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला तो पीड़िता ने स्लीमनाबाद थाने पहुँचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता कमला बाई की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस का कहना है कि संदेहियों और पुराने शातिर बदमाशों से पूछताछ की जा रही है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गए आभूषण बरामद कर लिए जाएंगे।

जालसाजों ने दो बैंक खाते से उड़ाये 1.37 लाख रूपये

माधवनगर और बहोरीबंद थाना क्षेत्रों में ऑनलाइन धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं, जहाँ शातिर अपराधियों ने पीड़ितों के क्रेडिट/डेबिट कार्ड और साइबर माध्यमों का सहारा लेकर हजारों-लाखों रुपये का चूना लगा दिया। दोनों पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शुभ सिटी माधवनगर निवासी दीपक कुमार तिवारी ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि 26 सितंबर 2026 की दोपहर करीब 3:00 बजे अज्ञात साइबर ठग द्वारा उनके क्रेडिट और डेबिट कार्ड का अनधिकृत इस्तेमाल किया गया। जालसाज ने उनके खातों और कार्डों से किस्तों व लेनदेन के जरिए कुल 1,09,724 रुपये धोखाधड़ी पूर्वक निकाल लिया। जब पीड़ित के मोबाइल पर पैसे कटने के मैसेज आए, तब उन्हें इस बड़ी ठगी का अहसास हुआ। माधवनगर पुलिस ने 30 सितंबर को

साइबर ठगी के मामले में दो और गिरफ्तार, एक को भेजा जेल

कुठला पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो और सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक विधि विरुद्ध किशोर भी शामिल है। पुलिस के अनुसार ग्राम कछंगवा निवासी अंकित राय 30 वर्ष के खाते से अज्ञात ठगों ने यूपीआई के जरिए दो बार में कुल 1,88,000 पार कर दिए थे। पीड़ित द्वारा 1930 राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन और बैंक में शिकायत के आधार पर थाना कुठला में अपराध मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया की टीम ने बैंक ट्रांजैक्शन, यूपीआई आईडी और मोबाइल नंबरों का बारीकी से डिजिटल विश्लेषण किया। शुरुआती जांच में राजस्थान के कोटा निवासी कुलदीप सिंह सोलंकी और सवाई माधोपुर निवासी शुभम मीणा उर्फ सानू को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेजा जा चुका था।

आरोपियों से पूछताछ और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों का सुराग मिला। विधि विरुद्ध किशोर 17 वर्ष 10 माह निवासी इंदरगढ़, जिला बूंदी (राजस्थान) को हिरासत में लिया गया। इसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल और ब्लैंक चेक जब्त कर बाल सुधार गृह, जबलपुर भेजा गया है। वहीं विशाल प्रजापति 24 वर्ष निवासी राजा खेड़ी (रतलाम), हाल निवासी जावरा (रतलाम) को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और संबंधित बैंक व साइबर सेल के जरिए ट्रांजैक्शन ट्रेल और आईपी एड्रेस की जांच कर रही है।

इसी तरह बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम कैमोरी में दुकान चलाने वाले राकेश कुमार लोधी भी साइबर ठगों का शिकार बन गए। राकेश के अनुसार 18 सितंबर 2026 की शाम करीब 6:22 बजे अज्ञात ठग ने साइबर/ऑनलाइन माध्यम का उपयोग कर उन्हें झांसे में लिया और उनके खाते से 28,000 रुपये पार कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर बहोरीबंद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मवेशियों को कराया मुक्त, वाहन किया जब्त

कटनी। विजयराघवगढ़ थाना पुलिस ने कारितलाई पेट्रोल पंप के पास एक वाहन को पकड़ा जिसमें बेहद अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरे गए 17 मवेशियों (पड़ा) को मुक्त कराया गया। पुलिस ने वाहन और मवेशियों को जब्त करते हुए चालक के खिलाफ 'पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम' के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार कारितलाई स्थित पेट्रोल पंप के समीप पुलिस टीम वाहन चेकिंग में जुटी थी। इसी दौरान उत्तर प्रदेश पासिंग LPT वाहन (क्रमांक UP 70 PT 0454) को संदेह के आधार पर रोका गया। जब पुलिस बल ने वाहन के पिछले हिस्से की तलाशी ली उसमें बिना किसी दाना-पानी और हवा की पर्याप्त व्यवस्था के 17 नग पड़ा (भैंस वंश) को क्रूरतापूर्वक बांधकर रखा गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक दीपक कुशवाहा 34 वर्ष पिता रामाश्रय कुशवाहा, निवासी ग्राम बीरनई (थाना रामपुर) को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास पशुओं को ले जाने संबंधी कोई वैध दस्तावेज या चिकित्सीय प्रमाण पत्र नहीं था। मवेशियों को किस उद्देश्य और कहाँ ले जाया जा रहा था, इस संबंध में आरोपी से पूछताछ जारी है।

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत मिली तीन यात्री बसें कटनी पहुँची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कैमोर, बाकल और सलैया से कटनी के लिए संचालित होंगी बसें, पैनिक बटन और जीपीएस से बढ़ेगी यात्रियों की सुरक्षा



मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत कटनी जिले के लिए मिलीं तीन सार्वजनिक यात्री बसें कटनी पहुँच गई है। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की इन बसों से कटनी वासियों को भरोसेमंद, सुरक्षित और सुलभ परिवहन सेवा की सौगात मिली है। जिले में इन बसों का संचालन दीनदयाल कटनी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। इसके बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के अध्यक्ष कलेक्टर श्री आशीष तिवारी तथा मुख्य संचालन अधिकारी योगेश पवार हैं। महापौर एवं निगमायुक्त इसके मैनेजिंग डायरेक्टर हैं।

मुख्य संचालन अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत जिले में तीन बसों का संचालन निर्धारित मार्गों पर किया जाएगा। इन नई तकनीक वाली बसों में से एक बस कैमोर से कटनी तक करीब 42 किलोमीटर लंबे मार्ग पर विजयराघवगढ़, देवरा और कन्हवारा होते हुए संचालित की जाएगी। इसी तरह एक बस बाकल से कटनी मार्ग पर पटना, सलैया, रीठी, मगरधा, इमलिया और खरखरी होते हुए चलेगी। इसके अलावा एक बस सलैया से कटनी मार्ग पर संचालित होगी। यह बस सलैया, पाली, लालपुर, रीठी, मोहास, मगरधा, इमलिया और खरखरी होते हुए कटनी पहुंचेगी।

इन बस सेवाओं के संचालन से जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों के नागरिकों को जिला मुख्यालय तक आवागमन की सुविधा मिलेगी। इससे नागरिकों को अपने दैनिक कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आवागमन में सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा में यात्रियों की सुरक्षा और बसों की निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा। बसों में पैनिक बटन और जीपीएस की सुविधा उपलब्ध है। जीपीएस के माध्यम से बसों की लाइव लोकेशन की निगरानी की जा सकेगी। वहीं आपात स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में काम करेगा। इन तकनीकी सुविधाओं के माध्यम से बस संचालन की निगरानी के साथ यात्रियों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी गई है।

नदी घाटों से लेकर धार्मिक स्थलों में चला स्वच्छता अभियान



जब शहर के 45 वार्डों में एक साथ सफाई के लिए हाथ उठे तो स्वच्छता का संदेश केवल अभियान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जनभागीदारी की तस्वीर बनकर सामने आया। स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा संचालित " सेवा मेरा योगदान " अभियान के तहत श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत नदी तटों, घाटों, तालाबों, धार्मिक स्थलों, सामुदायिक परिसरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, वार्डवासियों, स्वच्छता कर्मचारियों और निगम की टीमों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। मोहन घाट स्थित कटनी नदी तट पर विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेयर इन काउंसिल सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नागरिकों और स्वच्छता टीम ने नदी के घाट की सफाई की। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 14 के माई नदी क्षेत्र में एसआई एवं पार्षद प्रतिनिधि की उपस्थिति में श्रमदान किया गया। नदी और घाट क्षेत्रों में सफाई के साथ नागरिकों को जल स्रोतों को स्वच्छ रखने तथा इनमें कचरा न डालने के लिए जागरूक किया गया।

जिला स्तरीय टेबल टेनिस में बड़वारा कॉलेज का दबदबा, किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में एक दिवसीय जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कटनी जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारियों के साथ महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के दौरान महिला एवं पुरुष वर्ग में टेबल टेनिस के रोमांचक मुकाबले हुए। खिलाड़ियों ने अपने कौशल, तकनीक और खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम में शासकीय महाविद्यालय बड़वारा ने महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी की टीम दोनों



वर्गों में उपविजेता रही।

समापन अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष पारस जैन एवं मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे ने की।

संचालन डॉ. दीपिका जैन ने किया, जबकि आभार डॉ. सोनम साहू ने व्यक्त किया।

आयोजन में डॉ. आशीष पांडेय, दीपक चौधरी, अभिलाषा चौरसिया, डॉ. नीमा सिंह, डॉ. अरुणा दास, डॉ. दिव्या शुक्ला, डॉ. जयश्री शुक्ला, डॉ. रूबी शर्मा, रहबर राजा मंसूरी एवं कृष्ण कुमार लोधी का विशेष सहयोग रहा।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धाश्रम में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

वृद्धजनों का हुआ सम्मान, बच्चों ने जाना जीवन का अनुभव, प्रेरक बातें भी सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कलेक्टर आशीष तिवारी एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देशानुसार बच्चन नायक वृद्धाश्रम, कछगवां रोड, झिंझरी कटनी में वृद्धजनों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शालेय बच्चों, वृद्धाश्रम के स्टाफ तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता की।

उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण अनुराग मोदी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों के प्रति समाज में सम्मान, संवेदनशीलता और अपनत्व की भावना को बढ़ावा



देना तथा उन्हें यह एहसास कराना था कि वे समाज का अभिन्न और सम्मानित हिस्सा हैं। साथ ही, नई पीढ़ी और वरिष्ठ नागरिकों के बीच आत्मीय संवाद स्थापित कर बच्चों को वृद्धजनों के जीवन अनुभव, संघर्ष, संस्कार और सीख से जोड़ना भी कार्यक्रम का महत्वपूर्ण उद्देश्य रहा। ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों में वरिष्ठजनों के प्रति आदर, सेवा और सहानुभूति की भावना विकसित करने तथा समाज में पीढ़ियों के बीच आपसी जुड़ाव को मजबूत करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शालेय बच्चों ने वृद्धाश्रम का भ्रमण किया और वहां निवासरत वृद्धजनों से आत्मीय संवाद कर उनके अनुभवों एवं विचारों को जाना। बच्चों और वृद्धजनों के बीच हुए इस संवाद में अपनत्व और आत्मीयता की झलक दिखाई दी। बच्चों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उनके जीवन से जुड़ी प्रेरक बातें सुनीं।

समाज की धरोहर है वृद्ध जनों का जीवन अनुभव

कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों का पुष्पमाला से सम्मान कर उनके प्रति कृतज्ञता एवं आदर व्यक्त किया । आयोजन ने यह संदेश दिया कि वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव और जीवन ज्ञान समाज की महत्वपूर्ण धरोहर है तथा उनके सम्मान, गरिमा और भावनात्मक आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील रहना प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी धीरेंद्र सिंह, श्रीमती प्रीति सिंह एवं राजीव रैकवार एनजीओ सहित विभागीय कर्मचारी, वृद्धाश्रम स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जन भागीदारी से तय होगी विकास गाथा, व्यवस्थाओं के दिये निर्देश

गांव के विकास पर होगी सीधी बात, आज से होगी चरणबद्ध ग्राम सभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के प्रत्येक ग्राम में 2 अक्टूबर से चरणबद्ध रूप से ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक निर्धारित एजेंडा के अनुसार प्रत्येक ग्राम में पूर्व से नियुक्त स्थाई नोडल अधिकारियों के माध्यम से ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। ग्राम सभाओं में ग्रामीण विकास एवं पंचायतों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा, शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी, पंचायत स्तर के विकास कार्यों की समीक्षा तथा ग्रामीणों से प्राप्त सुझाव एवं समस्याओं पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। ग्राम सभा को ग्रामीणों की सहभागिता से स्थानीय विकास की प्राथमिकताएं तय करने और शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण मंच बनाया जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जिले की समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्राम सभाओं के आयोजन के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं समयपूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्रामवासियों को ग्राम सभा की तिथि, समय एवं निर्धारित एजेंडे की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही अधिक से अधिक ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम सभाओं का आयोजन शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं एजेंडा के अनुरूप पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से कराया जाए। ग्राम सभा में प्राप्त प्रस्तावों, सुझावों एवं समस्याओं का नियमानुसार संधारण करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्राम स्तर पर जनभागीदारी के माध्यम से विकास कार्यों को गति मिल सके।

अभिलेखों के रखरखाव पर विशेष जोर

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जिले की समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं ग्राम पंचायतों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। सीईओ सुश्री कौर ने निर्देशित किया है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत कार्यालय का नियमित रूप से संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा पंचायत भवनों का उपयोग निर्धारित उद्देश्यों के अनुरूप किया जाए। पंचायत कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही ग्रामीणों को पंचायत से संबंधित सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी और आवश्यक कार्यवाही के लिए सहज वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

ताकि जनोपयोगी बनाया जाए

जिला पंचायत सीईओ ने पंचायतों के महत्वपूर्ण अभिलेखों, दस्तावेजों, पंजियों एवं अन्य शासकीय सामग्री के सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखरखाव पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत के दस्तावेजों का उचित संधारण एवं सुरक्षित रखरखाव सुनिश्चित हो तथा कार्यालय परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं जनोपयोगी बनाए रखा जाए।

सुश्री कौर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में जारी दिशा-निर्देशों का प्रभावी पालन सुनिश्चित कराते हुए नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण करें। पंचायत कार्यालयों के सुचारु संचालन से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर शासन की योजनाओं एवं पंचायत संबंधी कार्यों का बेहतर लाभ मिल सकेगा तथा पंचायतों के कामकाज में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को और मजबूती मिलेगी।

खिलौना व्यापारी के साथ 56 हजार रूपये की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खिलौना व्यापारी अजय मेघवानी ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गए। मुंबई की एक फर्म से खिलौने मंगवाने के नाम पर उनसे 56 हजार रुपये ऐंठ लिए गए, लेकिन भुगतान के 27 दिन बीत जाने के बाद भी माल नहीं भेजा गया। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस अधीक्षक कटनी से मामले की लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। नई बस्ती, निरंकारी कॉलोनी निवासी अजय मेघवानी द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार 2 सितंबर 2026 को अजय मेघवानी ने मुंबई की 'प्रदीप टॉय हब' नामक फर्म से फोन के जरिए खिलौनों का ऑर्डर बुक किया था। जब उन्होंने माल कटनी भेजने के संबंध में बात की, तो सामने वाले व्यक्तियों ने कहा कि माल गाड़ी में लोड हो रहा है, आप यूपीआई के जरिए भुगतान कर दें। विश्वास में आकर व्यापारी ने भेजे गए क्यूआर कोड पर तीन किश्तों में कुल 56,000 ट्रांसफर कर दिए। भुगतान के बाद जब काफी दिनों तक माल कटनी नहीं पहुंचा तो पीड़ित ने संबंधित व्यक्तियों से फोन और व्हाट्सऐप के जरिए संपर्क साधने की कोशिश की। आरोप है कि शुरुआत में उन्हें टालमटोल जवाब दिए गए और बाद में फोन उठाना ही बंद कर दिया गया। 27 दिन बीत जाने के बाद व्यापारी को एहसास हुआ कि वे आर्थिक ठगी का शिकार हो चुके हैं। व्यापारी ने एसपी कार्यालय पहुंचकर मुंबई निवासी दो संदिग्धों के खिलाफ शिकायती आवेदन सौंपा। व्यापारी ने आरोपियों पर कार्रवाई करने और रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

खबर संक्षेप



नशे में था ट्रक चालक, वाहन किया गया जब्त

कटनी। निवार चौकी पुलिस ने नशे में वाहन चलाते ट्रक चालक को पकड़ा। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार 29 सितंबर को ग्राम निवार बाजार में वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान स्वराज मजदा ट्रक क्रमांक MP 20 XA 6763 के चालक अरविंद वंशकार पिता रामू वंशकार, निवासी वार्ड क्रमांक 03 ग्राम मटवारा, तहसील बहोरीबंद, थाना स्लीमनाबाद को रोककर एल्कोहल एनालाइजर से जांच की गई। जांच में शराब का सेवन कर वाहन चलाना पाया गया। पुलिस ने धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ट्रक को गवाहों के समक्ष जब्त कर प्रकरण तैयार किया और इस्तगासा न्यायालय में प्रस्तुत किया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी अंजनी मिश्र, एएसआई राजेश कोरी, कामेश्वर शुक्ला, प्रधान आरक्षक गौरव सेन, अंकित दुबे, संतोष प्रजापति, आरक्षक अरविंद एवं बकील की भूमिका रही।

निगम अमले ने 1700 रुपए का किया स्पॉट फाइन

कटनी। नगर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य शाखा की टीम द्वारा जोन क्रमांक 7 एवं 8 के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान एवं निरीक्षण की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान माधव नगर क्षेत्र में स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले एक डेयरी संचालक पर 1000 रुपए का स्पॉट फाइन किया गया। वहीं सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वाले अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 700 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार निगम की टीम द्वारा कुल 1700 रुपए का स्पॉट फाइन किया गया। नगर निगम द्वारा नागरिकों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित स्वच्छता नियमों का पालन करें, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा एवं गंदगी न फैलाएं तथा नगर की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में निगम का सहयोग करें। निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

जिले में इस साल 16 फीसदी कम हुई बारिश

कटनी। जिले में 1 जून से 1 अक्टूबर तक कुल 942.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 1120.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 1452.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 1181.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 872 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1121.9 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 730.9 मिलीमीटर, बरही तहसील में 776 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 1005.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 855.8 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1181.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 989.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

हादसे में बालक की मौत

कटनी। बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम अमराडांड के जंगल मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर क्रमांक MP 21 AB 1076 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए 15 वर्षीय कृष्णा भूमिया को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर चोटें आने से बालक की मौके पर ही मौत हो गई। बड़वारा पुलिस ने रिपोर्ट पर 30 सितंबर को ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

रैली निकाल एसडीओपी कार्यालय पहुंच किया प्रदर्शन, सीएम और डीजीपी के नाम सौंपा ज्ञापन

अवैध शराब के खिलाफ सड़कों पर उतरे ग्रामीण, एसडीओपी कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद में गुरुवार को अवैध शराब की बिक्री के विरोध में सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। बिरसा मुंडा आदिवासी महासभा स्लीमनाबाद के तत्वावधान में कोहका मोड़ से पैदल रैली निकाली गई और एसडीओपी कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद, पान उमरिया और स्लीमनाबाद क्षेत्र में गली-गली, हर मोहल्ले में अंग्रेजी शराब अवैध रूप से बेची जा रही है। खास तौर पर दलित एवं आदिवासी बस्तियों में खुलेआम अवैध पैकारी संचालित की जा रही है। इस अवैध कारोबार से आदिवासियों और दलित समाज का शोषण बढ़ रहा है। लोग नशे की लत में बर्बाद हो रहे हैं, आदिवासी बच्चों की शिक्षा बुरी तरह प्रभावित हो रही है। नशे में धुत होकर महिलाओं के साथ रोज मारपीट हो रही है, जिससे कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नशे की वजह से क्षेत्र में मासूम बच्चियों के साथ बलात्कार एवं छेड़छाड़ के मामले भी बढ़ रहे हैं। पुलिस और आबकारी विभाग की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई तो स्थिति और भयावह हो जाएगी।

जनपद सीईओ पर भी फूटा गुस्सा

इसी ज्ञापन में दूसरा बड़ा मुद्दा बहोरीबंद जनपद में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को लेकर उठाया गया है। आदिवासी महासभा ने आरोप लगाया है कि बहोरीबंद जनपद सीईओ का आचरण लोक सेवा आचरण नियमों के खिलाफ है। वे मनमानी करते हैं, अध्यक्ष को सूचित किए बगैर बैठक कर निर्णय ले लेते हैं, सचिवों के साथ मिलकर गुणवत्ताहीन कार्यों को अंजाम देते हैं और कमीशन लेकर मूल्यांकन में गड़बड़ी कर भ्रष्टाचार कर रहे हैं।क्षेत्र की जनता ने कई बार उनका विरोध किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों में अत्यधिक गुस्सा पनप रहा है, जिससे लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की संभावना बनी हुई है।



ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि अवैध शराब, गांजा बिक्री और भ्रष्ट सीईओ पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो हजारों की तादाद में लोग राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम करने के लिए विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।इस दौरान बिरसा मुंडा आदिवासी महासभा के अध्यक्ष सुरेश कोल, चंद्रभान बौद्ध, संदीप चौधरी, अनिमेष पटेल, यजुवेन्द्र यादव, विजय पटेल, राजकुमार चौधरी सहित बड़ी संख्या में आदिवासी महिला-पुरुष मौजूद रहे।



बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा वितरण केन्द्र में लंबित बकाया विद्युत बिल वसूली एवं विद्युत चोरी की जाँच हेतु आज तीन विशेष टीमों ने वितरण केन्द्र में बकायादार उपभोक्ताओं एवं अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करने वाले परिसरों की सघन जांच की गई। बड़वारा वितरण केंद्र के विभिन्न ग्रामों में जहां कनेक्शन पर बिल बकाया राशि होने पर पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे आज उनके विद्युत कनेक्शनों का डिसकनेक्शन की कार्रवाई है जिसमें देवरी हटाई, सलैया, विलायत कला बड़वारा आदि ग्रामों में यह कार्यवाही की गई है। 35 नम्बर बकाया उपभोक्ताओं पर बकाया 8.29 लाख के विद्युत कनेक्शनों को अस्थाई रूप से विच्छेदन किया गया। साथ ही 21 नंबर चोरी के केश दर्ज किए गए उपभोक्ताओं से अपील है कि अपनी बकाया राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें और शासन के कार्यों में सहयोग प्रदान करें, जिससे कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

कटनी। रीठी थाना अंतर्गत लाटपहाड़ी स्टैंड के पास तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक MP 09 HG 7306 ने दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में 30 वर्षीय भूपत सिंह लोधी निवासी ग्राम रूड़मूड़ की मौत हो गई, जबकि उनके साथी भारतलाल आदिवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। रीठी पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं बरही थाना क्षेत्र के करौंदी खुर्द बगीचा के पास बाइक क्रमांक MP 21 ZE 8904) के चालक ने एक राहगीर को टक्कर मार दी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

25 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी के लिए निकली 'जल जन सेवा संकल्प यात्रा' के गुरुवार को स्लीमनाबाद पहुंचने पर जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया गया।

स्लीमनाबाद थाना की सीमा छपरा ग्राम में यात्रा के प्रवेश करने पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी,विधायक प्रणय पांडेय व भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर बाइक यात्रा में शामिल लोगों का अभिनंदन किया। यात्रा का उद्देश्य जल संरक्षण, स्वच्छता और जनसेवा से जुड़े संदेशों को आमजन तक पहुंचाना बताया गया है।

छपरा से बाइक यात्रा में विधायक प्रणय पांडेय भी भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता और बाइक सवार शामिल रहे। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। विभिन्न मार्गों से यात्रा के गुजरने के दौरान स्थानीय लोगों ने रुककर पुष्पवर्षा की और यात्रा का स्वागत किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, विधायक प्रणय पांडेय,विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह,उम्मेद सिंह,रतन गुप्ता, चंद्रशेखर अग्रहरी, रवि दुबे, सुनील गुप्ता, जगदेव पटेल, प्रदीप जैन, शिवशंकर दुबे,सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।वही यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा, सुदेश सुमन पुलिस बल के साथ मौजूद रहे है।

छात्रावास में पौधारोपण

यात्रा के स्लीमनाबाद पहुंचने पर कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास स्लीमनाबाद मे वृक्षरोपण किया गया। वृक्षरोपण कार्यक्रम मे पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संकल्प दिलाया गया। इसके साथ ही यात्रा का उद्देश्य बतलाया गया।इसके बाद यात्रा आगे के लिए प्रस्थान कर गईं।

सहायक उपकरण वितरित

सेवा संकल्प यात्रा के तहत स्लीमनाबाद मे आर्डीनेस फैक्ट्री कटनी एवं एलिम्को के संयुक्त सहयोग से आर्डीनेंस फैक्ट्री के सीएसआर मद से 25 दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किये गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रणय पांडेय नें कहा कि दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण मिलने से उनकी दैनिक गतिविधियाँ सुगम होने के साथ उनकी गतिशीलता आत्मविश्वास एवं आत्मनिभरता को बढ़ावा मिलेगा। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण केवल सुविधा का माध्यम नहीं है, बल्कि दिव्यांगजनों को स्वावलंबन ओर सम्मान के साथ जीवन जीने मे सहयोग प्रदान करने का महत्वपूर्ण साधन है।

पोषण एवं एनीमिया जागरूकता सत्र का आयोजन



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धूरी में 'सेवा मेरा योगदान' के तहत पोषण एवं एनीमिया जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संतुलित आहार, पोषक तत्वों की आवश्यकता एवं एनीमिया से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक सुमेर सिंह लोधी ने विद्यार्थियों को बताया कि स्वस्थ शरीर के लिए संतुलित आहार आवश्यक है। संतुलित आहार में शरीर के लिए आवश्यक विभिन्न पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में मौजूद होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पौष्टिक भोजन करने तथा भोजन में हरी सब्जियों को शामिल करने की सलाह दी। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को शरीर में आयरन की आवश्यकता और इसकी कमी से होने वाले एनीमिया के बारे में बताया गया। हरी पत्तेदार सब्जियों सहित आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध स्थानीय एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों के माध्यम से संतुलित आहार की पूर्ति करने के संबंध में भी जानकारी दी गई।

4 अक्टूबर को शहर में 6 स्थानों पर लगेंगे मेगा सेवा सेतु शिविर, योजनाओं का मौके पर मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक सहज, सरल और त्वरित रूप से पहुंचाने की दिशा में नगर पालिक निगम द्वारा 4 अक्टूबर 2026, रविवार को शहर के 6 स्थानों पर विशाल "मेगा सेवा सेतु शिविर" आयोजित किए जाएंगे। "सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार" की भावना के अनुरूप आयोजित यह अभियान जनविश्वास अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान से संबद्ध रहेगा। शिविरों में केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न फ्लैगशिप एवं हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराते हुए पात्र नागरिकों को मौके पर ही लाभ एवं स्वीकृति प्रदान करने की कार्यवाही की जाएगी।

शहरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेगा सेवा सेतु शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक बस स्टैंड ऑडिटोरियम, स्वामी विवेकानंद सभागार, दुर्गा चौक, खिरहनी, टी.सी. बजाज, सुभाष चौक, माधवनगर उप कार्यालय, नगर निगम कार्यालय, खेरमाई मंदिर के पास लखेरा में आयोजित होंगे। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देते हुए अधिक से अधिक सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराना है।

शिविरों में पीएम स्वनिधि, संबल, सामाजिक न्याय पेंशन, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन, समग्र ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, नवीन नल कनेक्शन एवं जलकर, भवन अनुज्ञा, फायर एनओसी, नामांतरण एवं कर निर्धारण, ट्रेड लाइसेंस सहित अन्य सेवाओं से संबंधित पृथक-पृथक काउंटर लगाए जाएंगे। हितग्राहियों के पंजीयन एवं आवेदन संबंधी कार्यवाही के लिए भी विशेष व्यवस्था रहेगी।

आयोजन के लिए तैयारियां

अभियान के सफल संचालन के लिए आयुक्त श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर (IAS) द्वारा आदेश जारी कर विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। उपायुक्त श्रीमती प्रियंका झारिया को प्रभारी अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

स्व रोजगार के लिये जैविक खेती की तकनीकों से कराया अवगत

अरहर उत्पादन की धारवाड़ पद्धति का विद्यार्थियों को दिया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्नातक विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जैविक कृषि का तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा विद्यार्थियों को जैविक खेती की विभिन्न तकनीकों के साथ अरहर उत्पादन की धारवाड़ पद्धति का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को अरहर की उत्पादकता बढ़ाने, बीज दर कम करने तथा उन्नत किस्म के बीज के उपयोग की तकनीक समझाई गई। इसके साथ ही अंतरवर्तीय फसल पद्धति, सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा विभिन्न कृषि क्रियाओं के माध्यम से कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों को धारवाड़ पद्धति के अंतर्गत किस्म का चयन, बीज उपचार, पॉलिथीन बैग में पौध तैयार करना, भूमि की तैयारी और पौधारोपण की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि प्रति हेक्टेयर लगभग 2 किलोग्राम उन्नत किस्म के बीज को पॉलिथीन बैग में मिट्टी एवं जैविक खाद भरकर एक-एक बीज की बुवाई की जाती है। 20 से 25 दिन में पौधा तैयार होने के बाद उसे पॉलिथीन बैग से निकालकर खेत में रोपित किया जाता है।

धारवाड़ पद्धति में कतार से कतार की दूरी 5 फीट तथा पौधे से पौधे की दूरी 3 फीट रखने की जानकारी दी गई। इस प्रकार प्रति एकड़ लगभग 3 हजार पौधों का रोपण किया जाता है। प्रशिक्षण में पौधों की शीर्ष शाखाओं को तोड़ने, निंदाई-गुड़ाई, खरपतवार नियंत्रण, आवश्यकतानुसार सिंचाई, कीट एवं रोग नियंत्रण, कटाई, गहाई तथा उपज के उचित भंडारण की तकनीक भी समझाई गई।

जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने विद्यार्थियों को अरहर की खेती के आर्थिक पक्ष से भी अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि पारंपरिक कृषक पद्धति से लगभग 47,350 रुपये प्रति हेक्टेयर वार्षिक आय की तुलना में धारवाड़ पद्धति अपनाने पर लगभग 1,24,588 रुपये प्रति हेक्टेयर वार्षिक आय का आर्थिक विश्लेषण सामने आया है।

हरे माधव दरबार में 9-10 अक्टूबर को होगा आयोजन

वर्षी महोत्सव की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा, व्यवस्थाओं के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



हरे माधव दरबार में 9 एवं 10 अक्टूबर को आयोजित होने वाले वर्षी महोत्सव की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लेने गुरुवार को कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा आयोजन स्थल पहुंचे। कलेक्टर ने आयोजन समिति के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से चर्चा कर यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता और बेहतर इंतजाम के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने महोत्सव में कटनी सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में सिंधी समाज के श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं पर विशेष फोकस करने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।कलेक्टर एवं एसपी ने निर्माणाधीन पंडालों, प्रवेश एवं निकासी मार्गों सहित आयोजन स्थल की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन समिति एवं सिंधी समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा कर तैयारियों की जानकारी ली तथा श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित पार्किंग, सुगम आवागमन, पर्याप्त सुरक्षा बल और आपातकालीन व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, एसडीएम कटनी जितेन्द्र पटेल, नगर निगम के अधिकारी तथा जीआरपी एवं रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे। दूसरे जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के रेल मार्ग से आने की संभावना को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर भी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। रेलवे एवं जीआरपी अधिकारियों से यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही तथा आवश्यक समन्वय को लेकर चर्चा की गई। यातायात थाना की आरआई श्रीमती अंजू लकड़ा एवं एसआई शशिभूषण दुबे ने यातायात प्रबंधन की तैयारियों का निरीक्षण किया।

माधवनगर थाना क्षेत्र में आयोजन होने के कारण थाना प्रभारी के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था एवं पुलिस बल की तैनाती की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री तिवारी ने नगर निगम के अधिकारियों को आयोजन स्थल पर पेयजल, टेंट, दुकानों और अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए आयोजन से पहले सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

स्टेशन का किया निरीक्षण

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों की टीम ने मेला स्थल और आसपास के क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एएसपी कमल मौर्य, डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा, माधवनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र यादव, डीएसबी प्रभारी और यातायात प्रभारी ने मेला परिसर का जायजा लिया। मेले में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए अधिकारियों ने माधवनगर रेलवे स्टेशन का भी मुआयना किया। स्टेशन परिसर और सर्कुलेटिंग एरिया में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए रूपरेखा तय की।

सौंपे गये कार्यों में लापरवाही बरतने पर पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कार्यों में लापरवाही एवं निर्धारित दायित्वों का संतोषजनक निर्वहन नहीं करने पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विजयराघवगढ़/ बरही द्वारा पटवारी तेजभान पाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार पटवारी तेजभान पाल, प.ह.नं. 18 सलैया सिहोरा द्वारा फार्मर आईडी, पीएम किसान योजना के पात्र एवं अपात्र कृषकों, ई-केवाईसी तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण सहित अन्य शासकीय कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं की गई। 23 सितंबर को आयोजित समीक्षा बैठक में भी संबंधित कार्यों में कम प्रगति पाई गई थी।

इसके अलावा 24 सितंबर को पटवारी तेजभान पाल बिना सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए। इस पर उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। प्रस्तुत जवाब को सक्षम अधिकारी द्वारा संतोषजनक एवं समाधानकारक नहीं पाया गया।

आदेश में उल्लेख किया गया है कि पटवारी द्वारा शासकीय कार्यों में स्वेच्छाचारिता एवं लापरवाही बरती गई, जो लोक सेवक के अपेक्षित आचरण के विपरीत है। इसे मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 3(1), 3(2) एवं 3(3) का उल्लंघन मानते हुए तहसीलदार बरही के प्रस्ताव पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई।

मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के तहत पटवारी तेजभान पाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

खबर संक्षेप

जिला टास्क फोर्स की त्रैमासिक बैठक होगी 5 अक्टूबर को

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति (डी.सी.डब्लू.पी.सी) मिशन वात्सल्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सह किशोरी सशक्तिकरण बाल विवाह एवं बाल हिंसा रोकथाम कार्यक्रम अंतर्गत जिला टास्क फोर्स त्रैमासिक बैठक का आयोजन 05 अक्टूबर 2026 दिन सोमवार, सांय 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जा रहा है जिसमे सभी संबंधितो की उपस्थिति अनिवार्य है।

अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

तेंदूखेड़ा। गुरुवार को नगर के वार्ड क्रमांक 8 विद्यानगर जबलपुर पाटन मार्ग पर स्थित जैन मंदिर के पास बाइक सवार पति-पत्नी अन्य बाइक युवती को बचाने के चक्कर में गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गए बाद में घायल पति-पत्नी को लोग इलाज हेतु स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर इलाज जारी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार भागचंद पिता सोनेलाल चक्रवर्ती उम्र 35 वर्ष निवासी पिपरिया थाना नोहटा हल्लीबाई पति भागचंद चक्रवर्ती उम्र 32 वर्ष निवासी पिपरिया थाना नोहटा है जो हादसे में घायल हुए हैं जिनका इलाज स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। घायल भागचंद चक्रवर्ती ने बताया कि वह सुबह पेशी के लिए पाटन गया था जहां पेशी करके वापस अपने घर व अपने पिपरिया गांव जा रहा था तेंदूखेड़ा पहुंचते ही विद्यानगर में एक बाइक सवार युवती को बचाने के दौरान इनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिर गए जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटीरत डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घर छुट्टी दे रही पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

भागवतकथा में भक्तिभाव में डूबा सब जेल पवई परिसर

पवई। सब जेल पवई में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास डॉ. रजनीश शास्त्री जी ने राजा परीक्षित के जन्म का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान बंदी एवं जेल स्टाफ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ कथा श्रवण करते रहे।

नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

समग्र आईडी के पता में लिख दिया "बहुत स्मार्ट लग रही हो"

गलत प्रविष्टि सुधारवाने के लिए आवेदक लगा रहा नगर परिषद के चक्कर, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



सरकारी दस्तावेजों में दर्ज एक छोटी सी गलती आम नागरिक के लिए परेशानी का कारण बन सकती है, लेकिन तेंदूखेड़ा नगर परिषद से जुड़ा एक मामला इससे भी आगे का नजर आ रहा है। यहां जारी समग्र परिवार कार्ड में आवेदक जगविंद उपाध्याय के वर्तमान निवास के पते की जगह "Bahut Smart Lag Rahi Ho" जैसी टिप्पणी दर्ज होने का मामला सामने आया है। सरकारी रिकॉर्ड में इस तरह की प्रविष्टि सामने आने के बाद नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

मामले से संबंधित समग्र परिवार कार्ड की तस्वीर में "वर्तमान निवास" वाले स्थान पर सामान्य पता दर्ज होने के बजाय अंग्रेजी में "Bahut Smart Lag Rahi Ho" लिखा दिखाई दे रहा है। वहीं कार्ड पर पंजीयनकर्ता के रूप में "Jitendra Kewat [Nagar Parishad, Tendukheda]" का उल्लेख भी दिखाई देता है।

सरकारी रिकॉर्ड में ऐसी टिप्पणी कैसे दर्ज हुई?

सबसे बड़ा सवाल यही है कि समग्र पोर्टल जैसे महत्वपूर्ण सरकारी रिकॉर्ड में किसी नागरिक के पते के स्थान पर ऐसी टिप्पणी आखिर किस स्तर पर और किस प्रक्रिया के तहत दर्ज हो गई? यदि यह ऑपरेटर की गलती है तो रिकॉर्ड दर्ज करने के बाद उसका सत्यापन किसने किया? और यदि यह जानकारी जानबूझकर दर्ज की गई है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है?

सुधार के लिए कार्यालय के चक्कर आवेदक के सामने अब समस्या यह है कि सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज इस गलत जानकारी को सुधरवाने के लिए उसे नगर परिषद के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। एक तरफ सरकारी योजनाओं में समग्र आईडी का महत्वपूर्ण उपयोग होता है, वहीं दूसरी तरफ उसमें गलत और अनुचित जानकारी दर्ज होने से नागरिक को भविष्य में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

नगर परिषद की जवाबदेही पर सवाल

मामला सामने आने के बाद नगर परिषद प्रशासन से यह सवाल पूछा जाना जरूरी है कि समग्र आईडी में जानकारी दर्ज करने वाले कर्मचारी/ऑपरेटर ने इस प्रविष्टि को किस आधार पर दर्ज किया और रिकॉर्ड का सत्यापन किस अधिकारी ने किया? यदि यह महज टाइपिंग की गलती है, तब भी सरकारी दस्तावेज में ऐसी गलती गंभीर लापरवाही का विषय है। वहीं यदि टिप्पणी जानबूझकर दर्ज की गई है तो मामले की जांच कर संबंधित व्यक्ति की जिम्मेदारी तय किए जाने की मांग की गई है

सूर्य घर योजना के लिए 20 उपभोक्ताओं का पंजीयन

बैंक अधिकारियों, सोलर वेंडरों और विद्युत विभाग के अधिकारियों ने दी योजना की जानकारी



जबेरा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ दिलाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, दमोह दक्षिण संभाग द्वारा तहसील स्तर पर सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को ग्राम पंचायत जबेरा स्थित विद्युत वितरण केंद्र में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 20 उपभोक्ताओं का पंजीयन किया गया।

शिविर में अक्षय ऊर्जा विभाग, बैंकिंग क्षेत्र के अधिकारी, सोलर वेंडर तथा विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों पर सोलर प्लांट स्थापित कराने, शासन द्वारा दिए जाने वाले अनुदान, बैंक ऋण, सोलर प्लांट की क्षमता एवं बिजली उत्पादन सहित योजना से संबंधित विभिन्न जानकारियां दीं।

बैंक कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं को योजना के तहत ऋण एवं फाइनेंस की प्रक्रिया समझाई गई। पात्र उपभोक्ताओं को 5.75 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर ऋण सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी भी दी गई। वहीं सोलर वेंडरों ने सोलर प्लांट की स्थापना, उपयोग एवं रखरखाव से संबंधित जानकारी दी। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घरेलू आवश्यकता के अनुसार कितने किलोवॉट क्षमता का सोलर प्लांट लगाया जाना उपयुक्त रहेगा तथा प्रति किलोवॉट प्लांट से संभावित बिजली उत्पादन कितना हो सकता है, इसकी जानकारी भी उपभोक्ताओं को दी गई। योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और पंजीयन संबंधी जानकारी भी मौके पर उपलब्ध कराई गई।

शिविर के साथ ही विभागीय कर्मचारियों द्वारा वार्डों एवं कॉलोनियों में पहुंचकर प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का प्रचार-प्रसार किया गया, ताकि अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ता योजना से जुड़ सकें। अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में दमोह जिले में विद्युत विभाग के अंतर्गत 45 सोलर वेंडर पंजीकृत हैं, जो सोलर इंस्टॉलेशन एवं मेंटेनेंस से संबंधित सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

शिविर का आयोजन अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) दमोह वृत्त अमित चौहान एवं कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) दक्षिण संभाग दमोह मोती लाल साहू के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में कनिष्ठ अभियंता एमके महतो, संदीप पटेल, चंद्रभान धुर्वे, आशिक खान, टीकाराम पटेल, किशोर सिंह एवं दुर्योधन गजभिए उपस्थित रहे।

कनिष्ठ अभियंता एमके महतो ने उपभोक्ताओं से अपील की कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए सेवा सेतु शिविर में पहुंचकर योजना की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रता के अनुसार अपने घर पर सोलर प्लांट स्थापित कर योजना का लाभ उठाएं।

तेंदूखेड़ा में दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण वितरित



दमोह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा, समर्पण एवं जनकल्याण की भावना के साथ सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के अंतर्गत निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा सहायक उपकरण प्राप्त होने से वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को दैनिक जीवन के कार्यों में सुविधा मिलेगी। साथ ही उनके आवागमन को सुगम बनाने तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में भी यह उपकरण सहायक होंगे। उन्होने कहा सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सेवा एवं सहायता पहुंचाना है, ताकि उन्हें सम्मानजनक और सुगम जीवन जीने में सहयोग मिल सके। श्री लोधी ने इस दिशा में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

गोवर्धन लीला से मिला अहंकार त्यागने का संदेश

श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का हुआ भावपूर्ण वर्णन



नरसिंहगढ़। खडरा मोहल्ला नरसिंहगढ़ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा वाचक पंडित श्री जितेंद्र माधव दास महाराज ने अपने मुखारविंद से कथा का रसपान कराते हुए श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के माध्यम से अहंकार त्यागने और भगवान की शरण में रहने का संदेश दिया। कथा वाचक ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से पूरा ब्रज कृष्णमय हो गया था। गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि देवराज इंद्र को अपनी शक्ति का अहंकार हो गया था। ब्रजवासी परंपरा के अनुसार इंद्र की पूजा करते थे, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें प्रकृति और गोवर्धन पर्वत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का संदेश दिया। जब इंद्र की पूजा नहीं हुई तो क्रोधित होकर उन्होंने ब्रज में तेज वर्षा कर दी।

कथा के अनुसार, ब्रजवासियों को भारी वर्षा से बचाने और इंद्र के अहंकार को दूर करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर लिया। श्रीकृष्ण ने सभी ब्रजवासियों से कहा कि वे अपनी-अपनी लाठियां लगाकर गोवर्धन पर्वत को सहारा दें। इसके बाद सभी ब्रजवासियों ने गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण लेकर वर्षा से अपनी रक्षा की। अंततः देवराज इंद्र का अहंकार समाप्त हुआ। पंडित जितेंद्र माधव दास महाराज ने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य को कभी भी अपने सामर्थ्य, पद या संपत्ति का अहंकार नहीं करना चाहिए। जो व्यक्ति सच्चे मन से भगवान हरि की शरण में रहता है, भगवान उसकी सदैव रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि अहंकार मनुष्य के पतन का कारण बन सकता है, इसलिए जीवन में विनम्रता और भक्ति को स्थान देना चाहिए।

कथा का आयोजन स्वर्गीय भगवान दास पटेल एवं उनके पुत्र स्वर्गीय मनोज पटेल की स्मृति में किया जा रहा है। कथा की श्रोता श्रीमती संतोष रानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा में उपस्थित रहे और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

वृद्धजन संस्कारों व सस्कृति की अमूल्य धरोहरः जिला न्यायाधीश



दमोह। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह की उपस्थिति में विधिक जागरूकता सह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन स्थानीय वृद्धा आश्रम दमोह में किया गया। शिविर में सिविल जज वरिष्ठ खण्ड / सचिव उषाकांता कृषाण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटैल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधा राय, डॉ. सुरेन्द्र विक्रम सींग, डॉ. आरिफ खान सहित मेडिकल स्टॉफ, वृद्धाश्रम प्रबंधक वीरेन्द्र असाटी सहित वृद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया कि आज का दिवस समाज में वरिष्ठ नागरिकों के योगदान, अधिकारों, सम्मान व गरिमापूर्ण जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर है वृद्धजन केवल एक उम्र के पढ़ाव पर पहुंचे व्यक्ति नहीं है बल्कि अपने अनुभव ज्ञान संस्कार व संस्कृति की अमूल्य धरोहर है भारतीय संस्कृति में सदैव बुजुर्गो का सम्मान रहा है। वृद्धजन हमे सस्कार देने पारिवारिक परम्पराओं को आगे बढ़ाने और कठिन परिस्थितियो में मार्गदर्शन देने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है आपके जीवन का अनुभव आने वाली पीढीयों के लिये प्रेरणा व मार्गदर्शन भी प्रदान करता है। बदलते परिवेश में वृद्धजन अकेलेपन उपेक्षा आर्थिक व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे है ऐसे में उन्हें सम्मान, सुरक्षा, अपनापन एवं भावनात्मक सहयोग देना आवश्यक है। यदि आप वृद्धजन को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो हमारे कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर सकते है। हम प्रयास करेंगे कि आपकी समस्याओं का निदान तत्काल हो। शिविर में उपस्थित वृद्धजनों का प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा तिलक लगाकर पुष्पहारों से स्वागत किया गया आज के शिविर में उपस्थित 26 वृद्धजनों का स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण किया जाकर दवा वितरित की साथ ही 06 वृद्धजन को चश्में भी प्रदान किये गये। कार्यक्रम के अंत में वृद्धजन को फल वितरित किये गये।

विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

बटियागढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्री सुभाष सोलंकी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में दिनांक 01.10.2026 को अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम मगरौन में किया गया। कार्यक्रम में राम सिंह बघेल, तृतीय जिला न्यायाधीश, सरपंच सचिव, पीएलव्ही, वरिष्ठ नागरिकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में राम सिंह बघेल, तृतीय जिला न्यायाधीश द्वारा नालसा वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी सेवायें, माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों को भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम एवं नालसा हेल्पलाईन 15100 की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

सेवा पूर्ण होने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती दमयंती तिवारी ने 1 अक्टूबर 2026 को 31 वर्षों की गौरवपूर्ण एवं समर्पित सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति प्राप्त की। इस अवसर पर उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके सेवाकाल की सराहना की। श्रीमती दमयंती तिवारी ने 1 जनवरी 1995 से 1 अक्टूबर 2026 तक लगातार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवाएं दीं। सिंग्रामपुर में आंगनवाड़ी की दूसरी नियुक्ति के रूप में उन्होंने कार्यभार संभाला था। अपने 31 वर्षों के सेवाकाल में उन्होंने बच्चों के पोषण, गर्भवती एवं धात्री माताओं की देखभाल, टीकाकरण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, सुकन्या योजना सहित महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सौंपे गए विभिन्न कार्यों को जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ पूरा किया। अपने कार्यक्षेत्र के प्रत्येक घर तक पहुंचकर उन्होंने हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी, आवश्यक प्रपत्र भरवाए तथा पात्र परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किया।

श्रीमती दमयंती तिवारी का जन्म सिंग्रामपुर में हुआ। उनके पिता श्री रामसेवक शुक्ला शिक्षक रहे हैं तथा उन्होंने स्नातक स्तर तक शिक्षा प्राप्त की। उनके परिवार में पुत्र आदित्य तिवारी, पुत्रवधू भारती, भाई विजयंत शुक्ला तथा पुत्रियां अनुप्रिया, रिमी, प्रतिभा, अनमोल एवं आकर्ष शुक्ला सहित अन्य परिजन हैं।

उनके सेवाकाल के दौरान जबेरा परियोजना अधिकारी श्री रिंकल घनंघोरिया एवं सुपरवाइजर सुंदरलाल अहिरवार का मार्गदर्शन एवं सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। वहीं उनकी नियुक्ति के समय ममता सेन को आंगनवाड़ी सहायिका के रूप में पदस्थ किया गया था। ममता सेन ने भी पूरे सेवाकाल में निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए आंगनवाड़ी संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बहादुर राय ने किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य के.पी. मेहरा, मुलायम चंद्र जैन, रामसेवक शुक्ला, बहादुर राय, सरपंच प्रतिनिधि अजय सोनकर, दीपक यादव, सचिव राकेश सिंह ठाकुर, रमेश राय, अजय राय, गोलू साहू, शिक्षिका स्मृति पाठक, रेखा विश्वकर्मा, ममता शुक्ला, रुपेश शुक्ला, विजयंत शुक्ला, आदित्य तिवारी, राजोरिया सर, तिवारी सर सहित समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में श्रीमती दमयंती तिवारी का सम्मान करते हुए उनके 31 वर्षों के सेवाकाल को याद किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। अंत में श्रीमती दमयंती तिवारी ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

31 वर्षों की उनकी सेवायात्रा केवल नौकरी तक सीमित नहीं रही, बल्कि महिला एवं बाल कल्याण तथा समाज सेवा के प्रति समर्पण का उदाहरण रही। सिंग्रामपुर क्षेत्र में उनके योगदान को लंबे समय तक याद किया जाएगा।

वनकर्मी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



दमोह। तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र में पदस्थ स्थाई कर्मी नजीर बेग का सेवानिवृत्त सम्मान समारोह आज बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य रूप से उप वन मंडल अधिकारी प्रतीक दुबे एवं तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रेयांश जैन, डिप्टी बी.डी. सेन, सुशील श्रीवास्तव, बृजेश कोल सहित वन विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने नजीर बेग को फूल-माला, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ जिला कार्यकारिणी की ओर से भी भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संघ के जिला मीडिया प्रभारी श्री कनई यादव जी द्वारा संघ की ओर से सेवानिवृत्ति सम्मान प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में संघ के जिला सचिव संदीप मिश्रा सदस्य रामप्रकाश गोप, भुनेश्वर यादव, नर्मदा साहू, दिलीप अहिरवार, भजन कुशवाहा, राम आदिवासी, विजय रैकवार, अर्जुन ठाकुर, दौलत रैकवार, सुनील तिवारी, तेंदूखेड़ा सुरक्षा श्रमिक अध्यक्ष मुन्ना ठाकुर, अमर सिंह लोधी, संतोष सिंह लोधी, दारा सिंह, राजेन्द्र सिंह सहित समस्त सुरक्षा श्रमिक एवं समस्त स्थाई कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने फूल-माला एवं शाल से सम्मानित किया। अपने सेवाकाल में नजीर बेग ने वन विभाग में पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य किया। इस भव्य विदाई समारोह को सफल बनाने में अधिकारी, कर्मचारी, स्थाई कर्मी एवं सुरक्षा श्रमिकों का विशेष योगदान रहा। मध्यप्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर एवं जिला कार्यकारिणी की ओर से सभी का हृदय से आभार एवं बहुत-बहुत धन्यवाद।

लीनेस क्लब मैत्री की आधिकारिक यात्रा संपन्न



दमोह। लीनेस क्लब मैत्री, दमोह की आधिकारिक यात्रा का गरिमामय आयोजन उत्साह एवं आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट मंगला सिंह जी, एरिया ऑफिसर मौली जैन जी, डिस्ट्रिक्ट सचिव कुमुदिनी वर्मा जी एवं विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर रोजी वग्गा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट मंगला सिंह जी ने क्लब की सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए अपने उद्बोधन में सेवा कार्यों को निरंतर गति देने, टीम भावना के साथ कार्य करने तथा समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सेवा का लाभ पहुँचाने के लिए प्रेरित किया। एरिया ऑफिसर मौली जैन जी ने अपने संबोधन में क्लब की गतिविधियों एवं कार्यप्रणाली पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा करते हुए सदस्यों को सक्रिय सहभागिता के साथ सेवा कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया। डिस्ट्रिक्ट सचिव कुमुदिनी वर्मा जी ने क्लब की गतिविधियों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठनात्मक अनुशासन, समर्पण एवं एकजुटता के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं डायरेक्टर रोजी वग्गा जी ने भी अपने प्रेरणादायी विचारों के माध्यम से सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रजनी खरे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में क्लब की वर्षभर की गतिविधियों एवं सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए सभी सदस्यों और पदाधिकारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान क्लब की वर्षभर की आय-व्यय का विस्तृत विवरण कोषाध्यक्ष माया यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन ज्योति सचदेव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में क्लब की सचिव ज्योति चिले ने सभी सम्माननीय अतिथियों, पदाधिकारियों, प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स, सदस्यों एवं उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स कविता चंदानी, मनीषा तिवारी, डिंपल खोसला, रंजना नोतानी एवं कोमल नोतानी सहित क्लब की सदस्य अंजना सोनी, पद्मा दुबे, सपना राजपूत, रिमी जोनेजा, पूजा सचदेव, अनु खुराना, पायल अरोड़ा, रचना श्रीवास्तव, आशा अग्रवाल, ऋतु यादव, रचना अग्रवाल, रमा अग्रवाल, रितु अग्रवाल, सोना मिश्रा एवं नर्मदा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और सभी सदस्यों ने क्लब की आगामी सेवा गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने का संकल्प लिया।

जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की होगी जांच और लापरवाही साबित होने पर सरकारी राशि की वसूली के दिये निर्देश

निजी जमीन पर बना डाला 1.35 करोड़ का एसडीएम कार्यालय, अब दोषियों की जेब से होगी वसूली



हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा नगर में सरकारी निर्माण व्यवस्था की निगरानी और अधिकारियों की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। यहां करीब एक करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत एसडीएम कार्यालय भवन का निर्माण निजी कृषि भूमि पर शुरू करा दिया गया। आरोप है कि निर्माण शुरू करने से पहले भूमि के स्वामित्व, खसरा-नक्शा, एनओसी और अन्य जरूरी दस्तावेजों की पर्याप्त जांच नहीं की गई मामला जमीन की मालकिन की शिकायत से शुरू होकर हाईकोर्ट जबलपुर तक पहुंचा। इसके बाद प्रशासन ने मामले में कार्रवाई तेज की। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने विवादित भूमि पर निर्माण और किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माण में खर्च हुई शासकीय राशि की जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों से ही वसूली के निर्देश दिए गए हैं

निजी जमीन पर बन रहा था सरकारी भवन

मामला तेंदूखेड़ा के खसरा नंबर 170, रकबा 0.2590 हैक्टेयर भूमि से जुड़ा है। उपलब्ध राजस्व अभिलेखों के अनुसार यह जमीन निजी भू-स्वामी के नाम दर्ज बताई गई है। इसी भूमि पर एसडीएम कार्यालय के नए भवन का निर्माण शुरू कराया गया। मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि शासकीय भवन के निर्माण के लिए भूमि का चयन करते समय उसके स्वामित्व और राजस्व रिकॉर्ड का सत्यापन किस स्तर पर किया गया। सरकारी भवन के निर्माण से पहले भूमि की वैधानिक स्थिति सुनिश्चित करना जरूरी था, लेकिन आरोप है कि आवश्यक दस्तावेजों और एनओसी की जांच किए बिना ही निर्माण प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई।

हाईकोर्ट पहुंचा मामला

मामले में भूमि स्वामिनी ने 3 दिसंबर 2025 को कलेक्टर कार्यालय में शिकायत देकर निजी भूमि पर निर्माण कराए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई थी शिकायत के बाद भी अपेक्षित निराकरण नहीं होने पर उन्होंने हाईकोर्ट जबलपुर का दरवाजा खटखटाया और याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने 10 मार्च 2026 को कलेक्टर को मामले का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके बाद मामला अवमानना याचिका तक पहुंचा। अवमानना की कार्रवाई के बाद जिला प्रशासन ने राजस्व प्रकरण में सुनवाई कर मामले का निराकरण करने की प्रक्रिया तेज की और सुनवाई के बाद कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने 12 अगस्त को स्पीकिंग ऑर्डर जारी किया। इसके बाद 27 अगस्त को विवादित भूमि और निर्माण से जुड़े मामले में आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

आदेश के अनुसार निजी भूमि पर किसी भी प्रकारके निर्माण या हस्तक्षेप पर रोक लगाने के साथ ही संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच और विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में निर्माण प्रक्रिया से जुड़े तत्कालीन कार्यपालन यंत्री, एसडीओ, उपयंत्री/सब-इंजीनियर और संबंधित पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की भूमिका सवालों के घेरे में है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को भेजने के निर्देश दिए हैं।

प्रशासन की कार्रवाई का केंद्र यह है कि आखिर सरकारी भवन के निर्माण के लिए निजी भूमि का चयन कैसे हुआ और निर्माण शुरू होने से पहले भूमि के स्वामित्व एवं जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन क्यों नहीं किया गया। निजी भूमि पर निर्माण शुरू होने के कारण निर्माण कार्य में अब तक खर्च हुई शासकीय राशि भी जांच के दायरे में आ गई है। प्रशासन ने निर्माण पर खर्च हुई राशि की जांच कराने और यदि अधिकारियों की लापरवाही के कारण शासन को वित्तीय नुकसान हुआ है तो जिम्मेदारी तय कर दोषी अधिकारियों से राशि की वसूली करने के निर्देश दिए हैं। यानी मामला सिर्फ निजी जमीन पर सरकारी भवन बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सरकारी धन के इस्तेमाल की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

पीआईयू की जवाबदेही पर भी सवाल

मामले में पीआईयू की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सरकारी भवन के निर्माण की प्रक्रिया में भूमि की उपलब्धता, निर्माण स्थल और संबंधित दस्तावेजों की जांच जैसी प्रक्रियाएं महत्वपूर्ण होती हैं। अब जांच में यह सामने आना बाकी है कि निर्माण शुरू होने से पहले भूमि संबंधी दस्तावेजों का सत्यापन किस अधिकारी ने किया था और निर्माण के लिए स्थल को किस आधार पर स्वीकृत किया गया था

अब चिन्हित शासकीय भूमि पर बनेगा कार्यालय

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि तेंदूखेड़ा का नया एसडीएम कार्यालय भवन अब नियमानुसार चिन्हित शासकीय भूमि पर ही बनाया जाएगा। निर्माण कार्य को निर्धारित प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ाने और भवन को तय समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। मामले से जुड़े आदेश की प्रतियां आयुक्त भू-संसाधन, प्रमुख सचिव राजस्व और प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को भेजी गई हैं।

एक निर्माण ने खोल दी पूरी व्यवस्था की पोल

तेंदूखेड़ा का यह मामला सरकारी निर्माण कार्यों में भूमि चयन, दस्तावेजों के सत्यापन और विभागीय निगरानी की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सबसे अहम सवाल यही है कि यदि राजस्व रिकॉर्ड में जमीन निजी थी तो सरकारी भवन का निर्माण शुरू होने से पहले इसका पता क्यों नहीं चला। फिलहाल प्रशासन ने निजी भूमि पर निर्माण रोक दिया है और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई तथा शासकीय राशि की वसूली की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

इ्यूटी से अनुपस्थित आठ अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

दमोह। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत विकासखंड हटा में चिन्हित ग्रामों एवं नगरीय वार्डों के भ्रमण तथा शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के निरीक्षण के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई थी। निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपराह्न 2.30 बजे शिविर स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य किया गया था। निर्धारित ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कार्यपालन अभियंता एम.एल. साहू (ऊर्जा विभाग), कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पल्लवी जैन, प्रिया कोष्टा (खाद्य आपूर्ति विभाग), श्रम निरीक्षक मंजुशा त्रिपाठी, लेखा अधिकारी महेंद्र अहिरवार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया, सहायक परियोजना समन्वयक जितेन्द्र जैन तथा सहायक वाणिज्यकर अधिकारी उमेश कुमार कोरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी आदेशानुसार शासकीय कार्यक्रम में निर्धारित ड्यूटी से अनुपस्थित रहना पदीय दायित्वों के गंभीरता से निर्वहन नहीं करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के प्रावधानों के विपरीत है, संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नोटिस के संबंध में अपना उत्तर तीन दिवस के भीतर समक्ष में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में संबंधित के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की हुई विशेष समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जिले में विभिन्न विभागों में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विशेष समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से पढ़कर उसके मूल विषय और लंबित रहने के कारण को समझें तथा जिन प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण संभव है, उनका प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जायें। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह प्रवीण फुलपगारे एवं अपर कलेक्टर आनंद मोहन त्रिपाठी विशेष रूप से मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव नें अधिकारियों से कहा पात्रता रखने वाले आवेदकों के प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही तत्काल की जायें। यदि किसी प्रकरण में संबंधित विभाग से कार्यवाही अपेक्षित है, तो उसे नियमानुसार संबंधित स्तर पर भेजते हुए अनावश्यक रूप से लंबित न रखी जायें। केवल औपचारिक जवाब देकर शिकायतों को लंबित रखने की प्रवृत्ति से बचें। समीक्षा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, नगरीय प्रशासन, महिला एवं बाल विकास , सहकारिता खाद्य, सामाजिक न्याय,किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग , स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, वित्त एवं ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभागों की लंबित शिकायतों की विभागवार लंबित प्रकरण मे कारणों एवं समाधान के संबंध में की गयी कार्यवाहियों की समीक्षा की गई।

कल भोपाल जायेंगे जिले से हज़ारों शिक्षक

दमोह। टेट परीक्षा को निरस्त करने, नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करने, ई अटेंडेंस को स्वैच्छिक करने की मांगों को लेकर प्रदेश के अध्यापक शिक्षको का 27 सितंबर से भोपाल के नीलम पार्क में अनवरत संभागवार क्रमिक अनशन जारी है। इसी क्रम में 3 अक्टूबर को सागर संभाग की बारी है। अनशन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति बढ़ाने हेतु ज़िले के अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक जे पी स्कूल में आयोजित हुई। जिसमें सभी पदाधिकारियों ने शिक्षकों से 2 अक्टूबर को ज़िला मुख्यालय महाराणा प्रताप चौक कलेक्ट्रेट के सामने दमोह में अहिंसा और सत्याग्रह के प्रणेता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर एक दिन के उपवास और सत्याग्रह कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया गया। साथ ही 3 अक्टूबर को अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचने हेतु आव्हान किया गया। बैठक में संकल्प लिया गया कि जब तक हमारी तीनों मांगें पूरी नहीं होती तब तक हमारा आंदोलन खत्म नहीं होगा स अगर सरकार ने हमारी मांगों को समय सीमा में पूरा नहीं किया तो अध्यापक शिक्षक शालाओं की तालाबंदी के लिए भी विवश होंगे और बच्चों की शिक्षा प्रभावित होने की जिम्मेदारी सरकार की होगी। ज़िला की बैठक में बताया गया कि संकुल संकुल जाकर शिक्षक साथियों से शपथ ली जा रही है कि किसी भी क़ीमत पर कोई शिक्षक टेट परीक्षा हेतु आवेदन नहीं भरेगा। बैठक में संयुक्त मोर्चा के सभी संगठनों के सदस्यों की उपस्थिति रही।

शासकीय भूमि के निजी होने और रजिस्ट्रियों को लेकर जांच की मांग

लखरौनी मौजा की शासकीय जमीन के रिकॉर्ड में बदलाव पर उठे सवाल

पथरिया। नगर से सटी ग्राम पंचायत लखरौनी मौजा की शासकीय भूमि के रिकॉर्ड में हाल के वर्षों में हुए कथित बदलाव को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार वर्षों से पंचायत एवं राजस्व रिकॉर्ड में शासकीय भूमि अथवा पट्टेधारी के रूप में दर्ज रही जमीन का कुछ हिस्सा वर्ष 2023-24 के बाद निजी भूमि के रूप में दर्ज होकर रजिस्ट्री होने की चर्चा है। इसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक मामले की स्पष्ट जांच नहीं कराए जाने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि इसी क्षेत्र में पूर्व में करीब 63 एकड़ भूमि पर सोयाबीन प्लांट के लिए जमीन की बिक्री हुई थी। इसके आसपास अनुविभागीय एवं तहसील कार्यालय का निर्माण हो चुका है, जबकि वर्तमान में शासकीय विश्राम भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नगर परिषद सहित अन्य शासकीय संस्थानों के लिए भी आसपास की जमीन की नाप-तौल किए जाने की जानकारी सामने आई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शासकीय उपयोग के लिए जमीन की जरूरत बढ़ने के साथ इस क्षेत्र की भूमि के रिकॉर्ड और स्वामित्व में हुए बदलाव की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। कुछ लोगों द्वारा यह भी दावा किया जा रहा है कि जमीन के रिकॉर्ड में बदलाव न्यायालयीन प्रक्रिया के बाद हुआ है, लेकिन इसकी वास्तविक स्थिति संबंधित राजस्व अभिलेखों और आदेशों की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

लखरौनी और रजवांस क्षेत्र में जमीन के मूल्य में वृद्धि तथा शासकीय कार्यालयों के आसपास विकसित हो रहे क्षेत्र को देखते हुए भूमि संबंधी मामलों को लेकर लोगों की जिज्ञासा भी बढ़ी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि रिकॉर्ड में नियमानुसार परिवर्तन हुए हैं तो प्रशासन को संबंधित आदेश और अभिलेख सार्वजनिक कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

क्षेत्र में लंबे समय से बायपास रोड, केंद्रीय विद्यालय और रिंग रोड जैसी विकास योजनाओं की चर्चाएं भी होती रही हैं। हालांकि इन योजनाओं के सर्वे, प्रस्तावित मार्ग और वर्तमान स्थिति की आधिकारिक जानकारी आम लोगों को उपलब्ध नहीं होने की बात कही जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि लखरौनी मौजा की शासकीय भूमि के पुराने और वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड का मिलान कराया जाए। भूमि के नामांतरण, डायवर्सन, रजिस्ट्री तथा स्वामित्व में हुए बदलाव की जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि कहीं किसी नियम का उल्लंघन तो नहीं हुआ। नागरिकों का कहना है कि निष्पक्ष जांच से ही शासकीय भूमि से जुड़े सभी सवालों की वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी।

तेजगढ़ में पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक, पुलिस जांच में जुटी

तेजगढ़। तेजगढ़ थाना क्षेत्र के समदई-रजिया ईदगाह मस्जिद के पास एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई।पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान तेजगढ़ निवासी भगवानदास उर्फ हल्के (35), पिता कूरा प्रजापति के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक ने भिरा के पेड़ से फांसी लगाई। सूचना मिलते ही तेजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा तैयार किया।इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय उप स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल युवक द्वारा यह कदम उठाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की परिस्थितियों की जानकारी जुटा रही है।

जंबेरा में 4 अक्टूबर को होगा युवा कॉन्क्लेव

विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ युवाओं से करेंगे संवाद, 'युवा शक्ति, नई सोच, विकसित भारत' रहेगी थीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिग्रामपुर

युवाओं को नई सोच, मार्गदर्शन और विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अनुभवी व्यक्तियों से संवाद का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 4 अक्टूबर 2026, रविवार को जंबेरा में युवा कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से सामुदायिक भवन, जंबेरा में आयोजित होगा। आयोजन GSU दमोह द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, न्याय, पुलिस एवं सुरक्षा, कृषि, उद्योग, व्यवसाय, तकनीकी क्षेत्र, कौशल विकास, उद्यमिता और समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को अपने क्षेत्र से जुड़े अनुभवी एवं विशेषज्ञ व्यक्तियों से सीधे संवाद करने तथा अपनी जिज्ञासाओं और सवालों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। कॉन्क्लेव में चिकित्सा, शिक्षा, पुलिस, अधिवक्ता, न्यायपालिका, कृषि, प्रशासन, समाजसेवा, उद्योग एवं व्यवसाय तथा तकनीकी और कौशल विकास क्षेत्र से जुड़े विशिष्ट प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। विशेषज्ञ युवाओं के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे और संबंधित क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं एवं चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम की थीम "युवा शक्ति, नई सोच, विकसित भारत" रखी गई है। आयोजकों का कहना है कि युवाओं को सही दिशा, अवसरों की जानकारी और अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह आयोजन महत्वपूर्ण रहेगा। आयोजकों ने क्षेत्र के युवाओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर सहभागिता दर्ज कराने की अपील की है।

जनजातीय कार्य विभाग की कार्यप्रणाली से कर्मचारी परेशान

दमोह। म.प्र.शासकीय लिपिकीय कर्मचारी संघ के प्रान्तीय संरक्षक राकेश सिंह हजारी ने जिले के जनजातीय कार्य विभाग में कार्यरत लिपिक द्वारा अपनी मनमानी का आरोप लगाया है विभाग का कार्यरत कर्मचारी मानसिक, आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना कर रहा है, विभाग के अधिकारी की मेहरबानी के चलते उन्हें स्थापना, लेखा, राहत प्रकरण, छा.त्रावास शाखा एवं अन्य प्रभार भी सोपे गये है, किन्तु कर्मचारियों के स्वात्वों के तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता है, वर्तमान में म.प्र.शासन द्वारा जारी डी.ए. एरियर्स का भुगतान किया जाना था, जो कि आज दिनांक तक नहीं किया गया है, 30 जून को सेवानिवृत्त कर्मचारियों का वेतनवृद्धि दिये जाने का प्रावधान है, किन्तु विगत 01 वर्ष से भी अधिक समय हो जाने पर उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, इस संबंध में संबंधित लिपिक से संपर्क करने पर कार्य की अधिकता बताई जाती है, उक्त प्रकरणों का निराकरण नहीं होने से जहां कर्मचारियों को आर्थिक लाभ नहीं मिल रहा है, ना ही उन्हें इसका ब्याज मिलता है, जब से जिला संयोजक की पदस्थापना हुई है तब से लेकर आज दिनांक तक शासन के निर्देशानुसार 01 तारीख को वेतन का भुगतान के आदेश है किन्तु अभी तक 5 तारीख से लेकर 8 तारीख को किया जाता है, विभाग में कार्यरत लिपिक सहा.ग्रेड तीन सहायक ग्रेड दो, लेखापाल आदि संवर्ग के कई पद रिक्त है, किन्तु इन्हें भरने की कोई कार्यवाही नहीं की गई है, वर्तमान में शासन द्वारा जारी पदोन्नति की प्रक्रिया भी जिलाधिकारी द्वारा नहीं की गई है, छात्रावासों में कार्यरत अंशकालीन कर्मचारियों को पांच-पांच माह हो जाने पर भी उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया जाता है, ऐसे में उन कर्मचारियों को अपने परिवार का भरण पोषण की समस्या बनी रहती है, इस संबंध में अधिकारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को आवंटन के संबंध में पूर्व से अवगत नहीं कराया जाता है, ना ही बैठकों में इससे अवगत कराया जाता है । अतः जिला प्रशासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि कर्मचारियों की इन समस्याओं पर भी ध्यान देने की अपील की गई ।

बुंदेली परंपरानुसार पगड़ी बांधकर घोड़े पर बैठाकर दी विदाई

उपजेल हटा में सेवानिवृत्त हुए प्रहरी का किया गया भावभीना सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

34 वर्षों तक शासकीय सेवा में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के बाद सेवानिवृत्त हुए उपजेल हटा के प्रमुख मुख्य प्रहरी रोशन लाल रावत को ऐसी यादगार विदाई दी गई, जिसे वे और उनके परिजन लंबे समय तक याद रखेंगे। उपजेल परिसर में आयोजित सम्मान समारोह के बाद रोशन लाल रावत को घोड़े पर सवार कर ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों के बीच परिजनों एवं सहकर्मियों के साथ विदाई दी गई। इस दौरान माहौल खुशी और भावुकता से भर उठा। उपजेल परिसर हटा में आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, चिकित्सकों, समाजसेवियों एवं उपजेल स्टाफ ने शामिल होकर रोशन लाल रावत के 34 वर्ष के सेवाकाल को याद किया तथा उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

समारोह में जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, विधायक प्रतिनिधि अंकुश खटीक, एसडीएम राकेश मरकाम, पुलिस एसडीओपी कृष्ण पाल सिंह, तहसीलदार आलोक जैन, नायब तहसीलदार उमेश तिवारी, नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार,



ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. उमाशंकर पटेल, हटा जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र खरे, हटा टीआई सुधीर बेगी, वन विभाग के मास्टर ट्रेनर नीरज मिश्रा, राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू, समाजसेवी राजा खान, कैप्टन धर्मेंद्र सिंह परिहार, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सीएल नेमा सहित उपजेल हटा स्टाफ एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजन में बुंदेली संस्कृति और परंपरा की झलक भी समारोह में देखने को मिली। सेवानिवृत्त हुए रोशन लाल रावत को बुंदेली परंपरा के अनुसार पगड़ी बांधकर शाल एवं श्रीफल भेंट किया गया। उपस्थितजनों ने पुष्पहार एवं शुभकामनाओं के साथ उन्हें सम्मानित करते हुए सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

ढोल-नगाड़ों के बीच घोड़े पर बैठाकर दी विदाई

समारोह उपरांत उपजेल अधीक्षक नागेंद्र सिंह चौधरी की पहल पर उपजेल परिसर के बाहर से सेवानिवृत्त रोशन लाल रावत को घोड़े पर बैठाया गया। इसके बाद डीजे और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच परिजनों एवं सहकर्मियों की मौजूदगी में उन्हें विदाई दी गई। सेवानिवृत्ति जैसे भावुक अवसर पर इस अनूठे अंदाज में मिली विदाई ने माहौल को यादगार बना दिया।

पथरिया पुलिस की गांजा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

11 किलो 150 ग्राम गांजा जब्त, कीमत करीब 1.22 लाख रुपये

पथरिया। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पथरिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के कब्जे से 11 किलो 150 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 22 हजार 650 रुपये बताई गई है पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देश तथा अनुविभागीय अधिकारी पथरिया प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पथरिया महेंद्र कुमार जगेत के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी। 1 अक्टूबर 2026 को सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति पथरिया रेलवे स्टेशन से बोतराई रोड की ओर जा रहे हैं। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम मौके पर



पहुंची और घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम भगत सिंह रजक पिता सरमन सिंह रजक, निवासी ग्राम कुसली, थाना बेलखेड़ा, जिला जबलपुर तथा नाजिम पिता फारुक खान, निवासी नाहल मसूली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश बताए। तलाशी के दौरान भगत सिंह रजक के कब्जे से 4 किलो 150 ग्राम तथा नाजिम के कब्जे से 7 किलो गांजा बरामद किया गया। दोनों के पास से कुल 11 किलो 150 ग्राम गांजा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1,22,650 रुपये बताई गई है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आरोपियों से मादक पदार्थ की प्राप्ति और संभावित सप्लाई नेटवर्क के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

कार्रवाई में इनकी रही भूमिका: थाना प्रभारी महेंद्र कुमार जगेत, उपनिरीक्षक एसएस दुबे, उपनिरीक्षक अलजार सिंह, प्रधान आरक्षक बाबू सिंह मरावी, आरक्षक नरेंद्र यादव, नवीन बैन, कपिल, नंदकिशोर, राहुल, संदीप, अमन, अनुराग, विनोद, मणिवेप्पा एवं अमित सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।